	1. आवेदन सम्बन्धित जिला के उपायुक्त, (हिमाचल प्रदेश) को सम्बोधित किए जाएंगे तथा योजना के तहत सम्मान राशि की स्वीकृति के लिए आवेदन फार्म, योजना के राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद तीन माह के भीतर योजना के साथ संलग्न परिशिष्ट–क में दिए गए प्रपत्र में सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए जमा करवाना अनिवार्य होगा। इसके उपरान्त प्राप्त होने वाले कोई भी आवेदन सरकार द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे।	1. आवेदन प्रशासनिक सचिव (सामान्य प्रशासन) हिमाचल प्रदेश सरकार को सम्बोधित किए जाएंगे तथा योजना के तहत सम्मान राशि की स्वीकृति के लिए आवेदन, प्रस्तावित संशोधन के राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद तीन माह के भीतर योजना के साथ संलग्न परिशिष्ट–क (संशोधित) में दिए गए प्रपत्र में सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए जमा करवाना अनिवार्य होगा।
	2. प्राप्त आवेदनों की समीक्षा सभी जिलों के उपायुक्तों की अध्यक्षता में गठित समितियां करेंगी तथा मामले में राज्य सरकार को अपनी स्पष्ट संस्तुति भेजेंगी।	2. राज्य स्तर पर गठित उक्त समिति प्राप्त आवेदन–पत्रों का परीक्षण / जांच कर मामले में अपनी स्पष्ट संस्तुति देगी। इसके अतिरिक्त, उक्त समिति किसी अन्य आवेदन–पत्र / मामलों को स्वतः स्वीकार कर सम्मान राशि हेतु उनकी अनुशंसा कर सकेगी।
	3. आवेदक को मीसा / डी0आई0आर0 के अधीन राजनीतिक या सामाजिक कारणों से निरूद्ध रहने सम्बन्धी प्रमाण पत्र, आवेदक जहां निरूद्ध रहा हो, यथा–जेल, पुलिस थाना का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जेल की दशा में जेल अधीक्षक तथा पुलिस थाने की दशा में जिला पुलिस अधीक्षक का	3. आवेदक को मीसा / डी0आई0आर0 / Cr.P.C. (दण्ड प्रक्रिया संहिता) की धाराओं के अन्तर्गत के अधीन राजनीतिक या सामाजिक कारणों से निरूद्ध रहने सम्बन्धी प्रमाण पत्र, आवेदक जहां निरूद्ध रहा हो, यथा–जेल, पुलिस थाना का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जेल की दशा में जेल

	प्रमाण पत्र (उक्त दोनों दशाओं में जेल व पुलिस अधीक्षक दोनों का प्रमाण पत्र) आवेदन के साथ सम्बन्धित जिला उपायुक्त को प्रस्तुत करना होगा।	अधीक्षक तथा पुलिस थाने की दशा में जिला पुलिस अधीक्षक का प्रमाण पत्र (उक्त दोनों दशाओं में जेल व पुलिस अधीक्षक दोनों का प्रमाण पत्र) आवेदन के साथ प्रशासनिक सचिव (सामान्य प्रशासन) हिमाचल प्रदेश सरकार को प्रस्तुत करना होगा।
4.	**सम्मान राशि की अदायगीः–**	**सम्मान राशि की अदायगीः–**
	4. सम्मान राशि प्राप्त करने वाले व्यक्ति की मृत्यु होने पर लाभार्थी के परिवार / उत्तराधिकारी को मृत्यु प्रमाण पत्र सहित इसकी सूचना तीन माह के भीतर प्रशासनिक अतिरिक्त मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव (सामान्य प्रशासन), हिमाचल प्रदेश सरकार, जिला स्तरीय समिति व सम्बन्धित बैंक को सूचित करना अनिवार्य होगा तथा अतिरिक्त सम्मान राशि जो सरकार द्वारा लाभार्थी को स्वीकृत / प्रदान की गई होगी, को प्रदेश सरकार को एकमुश्त वापिस करनी होगी।	4. सम्मान राशि प्राप्त करने वाले व्यक्ति की मृत्यु होने पर लाभार्थी के परिवार / उत्तराधिकारी को मृत्यु प्रमाण पत्र सहित इसकी सूचना तीन माह के भीतर प्रशासनिक सचिव (सामान्य प्रशासन), हिमाचल प्रदेश सरकार व सम्बन्धित बैंक को सूचित करना अनिवार्य होगा तथा अतिरिक्त सम्मान राशि जो सरकार द्वारा लाभार्थी को स्वीकृत / प्रदान की गई होगी, को प्रदेश सरकार को एकमुश्त वापिस करनी होगी।
		6. सम्मान राशि उपरोक्त समिति की अनुशंसा की तिथि से देय होगी।

आदेश द्वारा,

हस्ताक्षरित / –
सचिव (सामान्य प्रशासन)।

————

परिशिष्ट–क

हिमाचल प्रदेश लोकतन्त्र प्रहरी सम्मान राशि योजना–2019 हेतु निर्धारित

आवेदन–प्रपत्रः

(इसे प्रशासनिक सचिव (सामान्य प्रशासन), हिमाचल प्रदेश सरकार को सम्बोधित किया जाए।)

1. आवेदक का नामः .....
(जिसे लोकतन्त्र प्रहरी घोषित करना है)

(क) आवेदक / आवेदिका का नामः .....
(उस दशा में जब लोकतन्त्र प्रहरी घोषित होने वाले व्यक्ति का स्वर्गवास हो गया हो)

(ख) घोषित होने वाले लोकतन्त्र प्रहरी की मृत्यु तिथि.....
(मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)

कृपया फोटो राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित करवाएं

2. जन्म तिथिः.....

3. पिता / पति / पत्नी का नामः.....

4. व्यवसाय व मासिक आय.....

5. स्थाई पताः.....

.....

6. पत्राचार हेतु पताः.....

.....

7. मीसा / डी0आई0आर0 / Cr.P.C (दण्ड प्रक्रिया संहिता)
की धाराओं के अन्तर्गत निरूद्ध रहने का स्थान एवं अवधि
(कैद आरम्भ व अन्त होने की तिथियों सहित):.....
.....
(सम्बन्धित जेल अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक का प्रमाण पत्र संलग्न करें)

8. F.I.R. संख्या व धाराएं जिनके तहत उन्हें जेल / पुलिस थाने में रखा गयाः.....

9. यदि आवेदक किसी अन्य राज्य से मीसा / डी0आई0आर0 Cr.P.C. (दण्ड प्रक्रिया संहिता) के अन्तर्गत सम्मान राशि / मानदेय ले रहा है तो उसका विवरण शपथ पत्र पर दें:.....

10. रिकॉर्ड गुम / अनुपलब्ध होने की दशा में परिशिष्ट–'ग' के अनुसार दो सहकैदियों के प्रमाण पत्र सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए संलग्न करें.....

11. राष्ट्रीयकृत / राज्य सहकारी बैंक का नाम / खाता संख्या जो आधार से जुड़ा हो / I.F.S. Code
(बैंक पास बुक के पहले पृष्ठ की प्रति संलग्न करें).....
.....

आवेदन की तिथिः.....

स्थानः .....

दूरभाष / मोबाईल नं0:.....

(आवेदक / आवेदिका के हस्ताक्षर)

<u>शपथ पत्र</u>

मैं, सत्यनिष्ठा से यह सत्यापित करता / करती हूं कि उपरोक्त आवेदन में दी गई जानकारी / विवरण सत्य है। यदि सरकार द्वारा कुछ गलत पाया जाता है तो उसे मेरी लोकतन्त्र प्रहरी सम्मान राशि रद्द करने का अधिकार होगा तथा जितनी राशि मुझे प्रदान की गई होगी, मुझसे नगद / भूमि राजस्व के बकाया के रूप में एक मुश्त वसूल की जाएगी।

(शपथ पत्र संलग्न करें)

(आवेदक / आवेदिका के हस्ताक्षर)

परिशिष्ट–ख

"हिमाचल प्रदेश लोकतन्त्र प्रहरी सम्मान राशि योजना–2019" के अन्तर्गत लोकतन्त्र प्रहरी के आश्रितों को सम्मान राशि हस्तांतरित करने हेतु निर्धारित प्रपत्र

[इसे प्रशासनिक सचिव (सामान्य प्रशासन), हिमाचल प्रदेश सरकार को सम्बोधित किया जाए]

कृपया फोटो राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित करवाएं

1. आवेदिका / आवेदक का नाम तथा आयुः .....
2. स्थाई पताः .....
.....
3. आवेदिका / आवेदक के पति / पत्नी का नामः .....
4. लोकतन्त्र प्रहरी की मृत्यु तिथिः.....
(मृत्यु प्रमाणपत्र संलग्न करें)
5. प्रदेश सरकार द्वारा लोकतन्त्र प्रहरी घोषित करने सम्बन्धी पत्र की संख्या व तिथिः.....
(प्रति संलग्न करें)
6. आवेदिका / आवेदक का व्यवसायः .....
7. क्या आवेदिका / आवेदक लोकतन्त्र प्रहरी की एकमात्र पत्नी / पति हैः .....
(पंचायत प्रधान / तहसीलदार का प्रमाणपत्र संलग्न करें)
8. राष्ट्रीयकृत / राज्य सहकारी बैंक का नाम व खाता संख्या जो आधार से जुड़ा हो, I.F.S.Code सहितः
(बैंक पास बुक के पहले पृष्ठ की प्रति संलग्न करें).....
.....

आवेदन की तिथिः.....
स्थानः .....
दूरभाष / मोबाईल नं0:.....

(आवेदिका / आवेदक के हस्ताक्षर)

————————

परिशिष्ट–ग

प्रमाण पत्र

मैं ..... आयु.....सुपुत्र / पत्नी श्री ..... गांव ..... डाकघर ..... तहसील ..... जिला ..... हि0प्र0 का स्थाई निवासी हूं तथा मुझे प्रदेश सरकार के पत्र संख्या.....दिनांक.....के अन्तर्गत लोकतन्त्र प्रहरी घोषित किया गया है। (प्रति संलग्न)

मैं ..... प्रमाणित करता / करती हूं कि श्री / श्रीमती ..... आयु..... सुपुत्र / पत्नी श्री ..... गांव ..... डाकघर ..... तहसील ..... जिला ..... हि0प्र0 मेरे साथ दिनांक..... से.....तक ..... जेल / थाना में मीसा / डी0आई0आर0 / Cr.P.C. (दण्ड प्रक्रिया संहिता) के अन्तर्गत राजनीतिक व सामाजिक कारणों से निरूद्ध रहे हैं । मेरा उक्त जेल / थाना में बन्दी रहने सम्बन्धी प्रमाण पत्र संलग्न है।

यदि उपरोक्त सूचना किसी भी समय गलत पाई जाती है तो प्रदेश सरकार को उक्त दोनों व्यक्तियों (आवेदक तथा प्रमाणितकर्ता) की लोकतन्त्र प्रहरी सम्मान राशि बन्द करने का अधिकार होगा।

(आवेदक के हस्ताक्षर) (प्रमाणितकर्ता के हस्ताक्षर)

Gazette No. 97, Dated 04-09-2020 Published

शुद्धि–पत्र

हिमाचल प्रदेश के राजपत्र संख्या 47, दिनांक 02 जुलाई, 2020 के पृष्ठ संख्या 1245 में प्रकाशित अधिसूचना संख्याः एफ.एफ.ई.–बी.–एफ.(14)–3 / 2020, दिनांक 04 जून, 2020 की अनुसूची के खसरा नम्बर के स्तम्भ में खसरा नम्बर 970 **के स्थान पर** 870 **पढ़ा जाए**।

हस्ताक्षरित / –
उप–नियन्त्रक,
मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग,
शिमला–171 005.

————————

शुद्धि–पत्र

हिमाचल प्रदेश के राजपत्र संख्या 51, दिनांक 07 जुलाई, 2020 के पृष्ठ संख्या 1364 में प्रकाशित अधिसूचना संख्याः एफ.एफ.ई.–बी.–एफ.(14)–10 / 2020, दिनांक 04 जून, 2020 की अनुसूची में हैक्टेयर में क्षेत्रफल वाले स्तम्भ में अंक 13–88–48 **के स्थान पर** अंक 24–36–34 **पढ़ा जाए**।

हस्ताक्षरित / –
उप–नियन्त्रक,
मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग,
शिमला–171 005.

————————

शुद्धि–पत्र

हिमाचल प्रदेश के राजपत्र संख्या 52, दिनांक 08 जुलाई, 2020 के पृष्ठ संख्या 1383 में प्रकाशित अधिसूचना संख्याः FFE-B-F(14)-11/2020, dated 4th July, 2020 के Schedule में Area in hectare(s) वाले स्तम्भ में अंक 24–36–34 **के स्थान पर** अंक 20–54–27 **पढ़ा जाए**।

हस्ताक्षरित / –
उप–नियन्त्रक,
मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग,
शिमला–171 005.

————————

शुद्धि–पत्र

हिमाचल प्रदेश के राजपत्र संख्या 52, दिनांक 08 जुलाई, 2020 के पृष्ठ संख्या 1385 में प्रकाशित अधिसूचना संख्याः एफ.एफ.ई.–बी.–एफ.(14)–13 / 2020, दिनांक 04 जून, 2020 की अनुसूची के नस्ति संख्या वाले स्तम्भ में अंक 13 / 2017 **के स्थान पर** अंक 24 / 2017 **पढ़ा जाए**।

हस्ताक्षरित / –
उप–नियन्त्रक,
मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग,
शिमला–171 005.

शुद्धि–पत्र

हिमाचल प्रदेश के राजपत्र संख्या 53, दिनांक 09 जुलाई, 2020 के पृष्ठ संख्या 1412 में प्रकाशित अधिसूचना संख्याः एफ.एफ.ई.–बी.–एफ.(14)–24 / 2020, दिनांक 08 जून, 2020 की अनुसूची के खसरा नम्बर वाले स्तम्भ में खसरा नम्बर 205 / 1 **के स्थान पर** खसरा नं0 255 / 1 **पढ़ा जाए** एवं पृष्ठ संख्या 1418 में प्रकाशित अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई.–बी.–एफ.(14)–28 / 2020, दिनांक 08 जून, 2020 की अनुसूची के हैक्टेयर में क्षेत्रफल वाले स्तम्भ में अंक 16–40–85 **के स्थान पर** अंक 78–24–57 **पढ़ा जाए**।

हस्ताक्षरित / –
उप–नियन्त्रक,
मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग,
शिमला–171 005.

———————

शुद्धि–पत्र

हिमाचल प्रदेश के राजपत्र संख्या 66, दिनांक 25 जुलाई, 2020 के पृष्ठ संख्या 2078 में प्रकाशित अधिसूचना संख्याः एफ.एफ.ई.–बी.–एफ.(14)–32 / 2020, दिनांक 15 जुलाई, 2020 में मुख्य सीमाएं महाल / उप–महाल वाले स्तम्भ में बघल्ली **के स्थान पर** बघल्ती **पढ़ा जाए,** पृष्ठ संख्या 2080 में प्रकाशित अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई.–बी.–एफ.(14)–33 / 2020, दिनांक 14 जुलाई, 2020 के खसरा नम्बर वाले स्तम्भ में कित्ता 2 **के स्थान पर** कित्ता 8 **पढ़ा जाए,** पृष्ठ संख्या 2088 में प्रकाशित अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई.–बी.–एफ.(14)–38 / 2020, दिनांक 14 जुलाई, 2020 में नस्ति संख्या वाले स्तम्भ में अंक 15 / 2010 **के स्थान पर** 15 / 2011 **पढ़ा जाए** एवं इसी अधिसूचना के अंग्रेजी रूपान्तर के पृष्ठ संख्या 2089 की अनुसूची में File No. वाले स्तम्भ में अंक 15 / 2010 **के स्थान पर** अंक 15 / 2011 **पढ़ा जाए**।

हस्ताक्षरित / –
उप–नियन्त्रक,
मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग,
शिमला–171 005.

———————

शुद्धि–पत्र

हिमाचल प्रदेश के राजपत्र संख्या 69, दिनांक 29 जुलाई, 2020 के पृष्ठ संख्या 2244 में प्रकाशित अधिसूचना संख्याः FFE-B-F(14)-42/2020, dated 15th July, 2020 की अनुसूची में File No. वाले स्तम्भ में अंक 20 / 2012 **के स्थान पर** 20 / 2011 **पढ़ा जाए,** पृष्ठ संख्या 2246 में प्रकाशित अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई.–बी.–एफ.(14)–44 / 2020, दिनांक 15 जुलाई, 2020 की अनुसूची के खसरा नम्बर वाले स्तम्भ में खसरा नं0 20 / 21 **के स्थान पर** 20, 21, **पढ़ा जाए,** पृष्ठ संख्या 2250 में प्रकाशित अधिसूचना संख्या FFE-B-F(14)-46/2020, dated 15th July, 2020 की अनुसूची के Area in hectare(s) वाले स्तम्भ में अंक 5–33–04 **के स्थान पर** अंक 16–87–73 **पढ़ा जाए,** पृष्ठ संख्या 2252 में प्रकाशित अधिसूचना संख्याः एफ.एफ.ई.–बी.–एफ.(14)–48 / 2020, दिनांक 15 जुलाई, 2020 की अनुसूची में नस्ति संख्या वाले स्तम्भ में अंक 21 / 2010 **के स्थान पर** 21 / 2013 **पढ़ा जाए,** पृष्ठ संख्या 2254 में प्रकाशित अधिसूचना संख्याः एफ.एफ.ई.–बी.–एफ.

(14)–49 / 2020, दिनांक 15 जुलाई, 2020 की अनुसूची के हैक्टेयर में क्षेत्रफल वाले स्तम्भ में अंक 11–27–07 **के स्थान पर** अंक 21–46–59 **पढ़ा जाए** एवं पृष्ठ संख्या 2255 में प्रकाशित अधिसूचना संख्याः एफ.एफ.ई.–बी.–एफ.(14)–50 / 2020, दिनांक 15 जुलाई, 2020 की अनुसूची में महाल का नाम वाले स्तम्भ में महाल जघयाल **के स्थान पर** महाल कटेड़ **पढ़ा जाए**।

हस्ताक्षरित / –
उप–नियन्त्रक,
मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग,
शिमला–171 005.

———————

ब अदालत श्री चरन दास कपूर, सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)

श्री Veer Singh s/o Sh. Jhancher Ram, r/o Village and P.O. Averi, तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)।

बनाम

आम जनता नगर पंचायत / ग्राम पंचायत अवैरी

प्रार्थना–पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अन्तर्गत।

श्री Veer Singh s/o Sh. Jhancher Ram, r/o Village and P.O. Averi, तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) ने इस अदालत में प्रार्थना–पत्र गुजारा है कि उसकी मां Hinchla Devi w/o Sh. Jhancher Ram की मृत्यु दिनांक 20–06–1978 को महाल अवैरी में हुई थी, जोकि सम्बन्धित पंचायत / नगर पंचायत के रिकार्ड में पंजीकृत न है।

अतः इस नोटिस के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त पंजीकरण के बारे में कोई उजर / एतराज हो तो वह दिनांक 30–09–2020 को सुबह 10.00 बजे इस न्यायालय में असालतन या वकालतन हाजिर आकर पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त मृत्यु का पंजीकरण करने के आदेश दे दिये जायेंगे। उसके उपरान्त कोई एतराज न सुना जायेगा।

आज दिनांक 19–08–2020 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित / –
सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी,
बैजनाथ, जिला कांगड़ा, हि0 प्र0।

———————

ब अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि0प्र0)

मुकद्दमा नं0 /20

Sh. Kartar Chand s/o Late Sh. Makholi Ram, r/o Village Tangroti, P.O. Rumerh, Tehsil Dharamshala, District Kangra (H.P.).

बनाम

आम जनता

विषय.––प्रार्थना–पत्र जेरे धारा 13(3) हिमाचल प्रदेश पंजीकरण अधिनियम, 1969.

नोटिस बनाम आम जनता।

Sh. Kartar Chand s/o Late Sh. Makholi Ram, r/o Village Tangroti Khas, P.O. Rumerh, Tehsil Dharamshala, District Kangra (H.P.) ने इस अदालत में शपथ–पत्र सहित मुकद्दमा दायर किया है कि उसके Brother Ram Nath s/o Makholi Ram की मृत्यु दिनांक 14–01–1966 को हुई थी परन्तु ग्राम पंचायत Tangroti में मृत्यु पंजीकृत न है। अतः इसे पंजीकृत किये जाने के आदेश दिये जायें। इस नोटिस के द्वारा समस्त जनता को तथा सम्बन्धित सम्बन्धियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उपरोक्त Ram Nath की मृत्यु पंजीकृत किये जाने बारे कोई एतराज हो तो वह हमारी अदालत में दिनांक 14–09–2020 को असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है अन्यथा मुताबिक शपथ–पत्र मृत्यु तिथि पंजीकृत किये जाने बारे आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 20–08–2020 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर। हस्ताक्षरित / –
कार्यकारी दण्डाधिकारी,
धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि0प्र0)।

ब अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि0प्र0)

मुकद्दमा नं0 /20

Sh. Partap Chand s/o Late Sh. Duni Chand, r/o Village Kandrehar, P.O. Chatru, Tehsil Dharamshala, District Kangra (H.P.).

बनाम

आम जनता

विषय.––प्रार्थना–पत्र जेर धारा 13(3) हिमाचल प्रदेश पंजीकरण अधिनियम, 1969.

नोटिस बनाम आम जनता।

Sh. Partap Chand s/o Late Sh. Duni Chand, r/o Village Kandrehar, P.O. Chatru, Tehsil Dharamshala, District Kangra (H.P.) ने इस अदालत में शपथ–पत्र सहित मुकद्दमा दायर किया है कि उसकी Sister Krishna Devi की मृत्यु दिनांक 01–01–2007 को हुई थी। परन्तु ग्राम पंचायत Kandrehar में मृत्यु पंजीकृत न है। अतः इसे पंजीकृत किये जाने के आदेश दिये जायें। इस नोटिस के द्वारा समस्त जनता को तथा सम्बन्धित सम्बन्धियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उपरोक्त Krishna Devi की मृत्यु पंजीकृत किये जाने बारे कोई एतराज हो तो वह हमारी अदालत में दिनांक 19–09–2020 को असालतन या

वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है अन्यथा मुताबिक शपथ–पत्र मृत्यु तिथि पंजीकृत किये जाने बारे आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 18–08–2020 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर। हस्ताक्षरित / –
कार्यकारी दण्डाधिकारी,
धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि0प्र0)।

ब अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि0प्र0)

मुकद्दमा नं0 /20

Sh. Piyush Kumar s/o Late Sh. Jagdish Chand, r/o Village Swala, P.O. Naganpatt, Tehsil Dharamshala, District Kangra (H.P.).

बनाम

आम जनता

विषय.––प्रार्थना–पत्र जेरे धारा 13(3) हिमाचल प्रदेश पंजीकरण अधिनियम, 1969.

नोटिस बनाम आम जनता।

Sh. Piyush Kumar s/o Late Sh. Jagdish Chand, r/o Village Swala, P.O. Naganpatt, Tehsil Dharamshala, District Kangra (H.P.) ने इस अदालत में शपथ–पत्र सहित मुकद्दमा दायर किया है कि उसकी Grand Mother Late Smt. Vidya Devi की मृत्यु दिनांक 17–12–2012 को हुई थी परन्तु ग्राम पंचायत Kalyara में मृत्यु पंजीकृत न है। अतः इसे पंजीकृत किये जाने के आदेश दिये जायें। इस नोटिस के द्वारा समस्त जनता को तथा सम्बन्धित सम्बन्धियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उपरोक्त Vidya Devi की मृत्यु पंजीकृत किये जाने बारे कोई एतराज हो तो वह हमारी अदालत में दिनांक 19–09–2020 को असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है अन्यथा मुताबिक शपथ–पत्र मृत्यु तिथि पंजीकृत किये जाने बारे आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 19–08–2020 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर। हस्ताक्षरित / –
कार्यकारी दण्डाधिकारी,
धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि0प्र0)।

ब अदालत श्री शाम स्वरूप, नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, भवारना, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)

किस्म मुकद्दमा : नाम दुरुस्ती तारीख पेशी : 22–09–2020

श्री सूंका राम पठानिया पुत्र ज्योति सिंह पठानिया, निवासी गांव व डाकघर मालनू, उप–तहसील भवारना, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) .. प्रार्थी।

बनाम

आम जनता .. प्रतिवादी।

विषय.––प्रार्थना–पत्र दुरुस्ती नाम राजस्व अभिलेख, महाल मालनू, मौजा पुन्नर, उप–तहसील भवारना, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)।

श्री सूंका राम पठानिया पुत्र ज्योति सिंह पठानिया, निवासी गांव व डाकघर मालनू, उप–तहसील भवारना, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) ने एक प्रार्थना–पत्र मय शपथ–पत्र पीठासीन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए अनुरोध किया है कि उसका नाम सेवा, शैक्षणिक अभिलेख व अन्य दस्तावेजों में सूंका राम पठानिया दर्ज है, जोकि उसका सही व विख्यात नाम है। किन्तु राजस्व अभिलेख महाल मालनू, मौजा पुन्नर में उसका नाम सूंका राम पठानिया के बजाए गलती से उपिन्द्र सिंह दर्ज हो गया है, अतः प्रार्थी अपने नाम की उपरोक्त महाल के राजस्व अभिलेख में दुरुस्ती करवा करके उपिन्द्र सिंह के बजाए उपिन्द्र सिंह उपनाम सूंका राम पठानिया दर्ज करवाना चाहता है।

प्रार्थी का आवेदन स्वीकार करते हुए, मुस्त्री–मुनादी चस्पांगी द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त प्रार्थी के नाम की राजस्व अभिलेख महाल मालनू में दुरुस्ती करवा करके उपिन्द्र सिंह के बजाए उपिन्द्र सिंह उपनाम सूंका राम पठानिया दर्ज करवाने बारे उजर / एतराज हो तो वह दिनांक 22–09–2020 को असालतन व वकालतन हाजिर अदालत होकर अपना उजर व एतराज पेश कर सकता है। बाद तारीख पेशी किसी किस्म का उजर एवं एतराज नहीं सुना जाएगा व नाम दुरुस्ती का आदेश पारित कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 18–08–2020 को मोहर अदालत व मेरे हस्ताक्षर से जारी हुआ।

मोहर। हस्ताक्षरित / –,
सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी,
भवारना, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)।

————————

ब अदालत श्री सुनील चौहान, तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी थुरल, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)

किस्म मुकद्दमा : नाम दुरुस्ती तारीख पेशी : 29–09–2020

श्री विकास कौशल पुत्र श्रीमती विनोद कुमारी, निवासी गांव बटाहण, डाकघर व तहसील थुरल, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) .. प्रार्थी।

बनाम

आम जनता .. प्रतिवादी।

विषय.––प्रार्थना–पत्र दुरुस्ती नाम राजस्व अभिलेख, महाल बटाहण, मौजा व तहसील थुरल, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)।

श्री विकास कौशल पुत्र श्रीमती विनोद कुमारी, निवासी गांव बटाहण, डाकघर व तहसील थुरल, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0) ने एक प्रार्थना–पत्र मय शपथ–पत्र पीठासीन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए अनुरोध किया है कि उसका नाम पंचायत अभिलेख, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में विकास कौशल दर्ज है, व उसका विख्यात व सही नाम भी विकास कौशल ही है। परन्तु राजस्व अभिलेख महाल बटाहण व मौजा तहसील थुरल, जिला कांगड़ा में उसका नाम विकास कुमार गलत दर्ज हो गया है। अतः प्रार्थी अब अपना नाम राजस्व अभिलेख महाल बटाहण व मौजा तहसील थुरल, जिला कांगड़ा में दुरुस्ती करवा करके श्री विजय कुमार के बजाए विजय कुमार उपनाम विकास कौशल पुत्र श्रीमती विनोद कुमारी दर्ज करवाना चाहता है। अतः प्रार्थी का आवेदन स्वीकार करते हुए इस मुस्त्री–मुनादी चस्पांगी व इश्तहार राजपत्र के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त प्रार्थी नाम की राजस्व अभिलेख महाल बटाहण व मौजा तहसील थुरल, जिला कांगड़ा में दुरुस्ती करवा करके विकास कुमार के बजाए विकास कुमार उपनाम विकास कौशल पुत्र श्रीमती विनोद कुमारी दर्ज करवाने बारे किसी किस्म की आपत्ति या उजर हो तो वह दिनांक 29–09–2020 को असालतन व वकालतन हाजिर अदालत होकर अपना उजर व एतराज पेश कर सकता है। अन्यथा बाद तारीख पेशी किसी किस्म का उजर एवं एतराज नहीं सुना जाएगा व नाम दुरुस्ती का आदेश पारित कर दिया जाएगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18–08–2020 को मोहर अदालत व मेरे हस्ताक्षर से जारी हुआ।

मोहर। हस्ताक्षरित / –,
सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी,
भवारना, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)।

————————

ब अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, तहसील लाहौल, जिला लाहौल एवं स्पिति (हि0प्र0)

ब मुकद्दमा :

तन्जिन पुत्र श्री सोनम टशी, गांव दारचा दंगमा, डाकघर दारचा सुमदो, तहसील लाहौल, जिला लाहौल एवं स्पिति (हि0 प्र0)।

बनाम

आम जनता

विषय.––प्रार्थना–पत्र बराए राजस्व अभिलेख में नाम दुरुस्ती करने बारे।

तन्जिन पुत्र श्री सोनम टशी, गांव दारचा दंगमा, डाकघर दारचा सुमदो, तहसील लाहौल, जिला लाहौल एवं स्पिति (हि0 प्र0) ने प्रार्थना–पत्र इस अदालत में प्रस्तुत किया है जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि उनका नाम शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड तथा पेन कार्ड में तन्जिन दर्ज है जोकि सही है। लेकिन भू–राजस्व अभिलेख पटवार वृत्त दारचा सुमदो में तन्जिन गेलेद दर्ज है। जिस कारण उन्हें भारी मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब प्रार्थी राजस्व अभिलेख पटवार वृत्त दारचा सुमदो तथा तहसील लाहौल, जिला लाहौल एवं स्पिति में तन्जिन गेलेद के स्थान पर तन्जिन दर्ज करवाना चाहता है।

अतः इस नोटिस द्वारा आम जनता एवं सम्बन्धित रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि किसी को उपरोक्त नाम को दुरुस्त करके तन्जिन दर्ज करने में कोई उजर व एतराज हो तो वह इस अदालत में दिनांक 25–09–2020 को असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है। अन्यथा मुताबिक

प्रार्थना –पत्र व अन्य दस्तावेजों के आधार पर प्रार्थी का नाम पटवार वृत्त दारचा सुमदो में तन्जिन गेलेद के स्थान पर तन्जिन दर्ज करने के आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

आज दिनांक 25–08–2020 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर। हस्ताक्षरित / –
सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, तहसील लाहौल,
जिला लाहौल एवं स्पिति, हिमाचल प्रदेश।

————————

ब अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, तहसील लाहौल, जिला लाहौल एवं स्पिति (हि0प्र0)

ब मुकद्दमा :

जम्बल पुत्र श्री नोरबू, गांव लपचंग, डाकघर प्यूकर, तहसील लाहौल, जिला लाहौल एवं स्पिति (हि0 प्र0)।

बनाम

आम जनता

विषय.––प्रार्थना–पत्र बराए राजस्व अभिलेख में नाम दुरुस्ती करने बारे।

जम्बल पुत्र श्री नोरबू, गांव लपचंग, डाकघर प्यूकर, तहसील लाहौल, जिला लाहौल एवं स्पिति (हि0 प्र0) ने शपथ–पत्र इस अदालत में प्रस्तुत किया है जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि उनका नाम शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड तथा पेन कार्ड में निर्मल चन्द दर्ज है तथा पटवार वृत्त बरवोग, तहसील लाहौल, जिला लाहौल एवं स्पिति में जम्बल दर्ज है तथा दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। जिस कारण उन्हें भारी मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब प्रार्थी राजस्व अभिलेख पटवार वृत्त बरवोग, तहसील लाहौल, जिला लाहौल एवं स्पिति में जम्बल के स्थान पर जम्बल उर्फ निर्मल चन्द दर्ज करवाना चाहता है।

अतः इस नोटिस द्वारा आम जनता एवं सम्बन्धित रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि किसी को उपरोक्त नाम को दुरुस्त करके जम्बल उर्फ निर्मल चन्द दर्ज करने में कोई उजर व एतराज हो तो वह इस अदालत में दिनांक 24–09–2020 को असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है। अन्यथा मुताबिक शपथ–पत्र व अन्य दस्तावेजों के आधार पर प्रार्थी का नाम पटवार वृत्त बरवोग में जम्बल के स्थान जम्बल उर्फ निर्मल चन्द दर्ज करने के आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

आज दिनांक 24–08–2020 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर। हस्ताक्षरित / –
सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, तहसील लाहौल,
जिला लाहौल एवं स्पिति, हिमाचल प्रदेश।

ब अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, तहसील लाहौल, जिला लाहौल एवं स्पिति (हि0प्र0)

ब मुकद्दमा :

फुन्चोग पुत्र श्री लोबजंग छेरिंग, गांव खंगसर, डाकघर गौन्धला, तहसील लाहौल, जिला लाहौल एवं स्पिति (हि0 प्र0)।

बनाम

आम जनता

विषय.––प्रार्थना–पत्र बराए राजस्व अभिलेख में नाम दुरुस्ती करने बारे।

अमीर चन्द, अमोद कुमार, घनश्याम पुत्र वीर चन्द पुत्र फुन्चोग, गांव खंगसर, डाकघर गौन्धला, तहसील लाहौल, जिला लाहौल एवं स्पिति (हि0 प्र0) ने एक आवेदन शपथ–पत्र इस अदालत में प्रस्तुत किया है जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि उनके दादा का नाम परिवार रजिस्टर, मृत्यु प्रमाण–पत्र में फुन्चोग दर्ज है जोकि सही है। लेकिन पटवार वृत्त गौन्धला, तहसील लाहौल, जिला लाहौल एवं स्पिति में फुन्चक दर्ज है। जिस कारण उन्हें भारी मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब प्रार्थी राजस्व अभिलेख पटवार वृत्त गौन्धला, तहसील लाहौल, जिला लाहौल एवं स्पिति में फुन्चक के स्थान पर फुन्चोग दर्ज करवाना चाहते हैं।

अतः इस नोटिस द्वारा आम जनता एवं सम्बन्धित रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उपरोक्त नाम को दुरुस्त करके फुन्चोग दर्ज करने में कोई उजर व एतराज हो तो वह इस अदालत में दिनांक 20–09–2020 को असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है। अन्यथा मुताबिक शपथ–पत्र व अन्य दस्तावेजों के आधार पर प्रार्थी का नाम पटवार वृत्त गौन्धला में फुन्चक के स्थान पर फुन्चोग दर्ज करने के आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

आज दिनांक 20–08–2020 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर।

हस्ताक्षरित / –
सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी, तहसील लाहौल,
जिला लाहौल एवं स्पिति, हिमाचल प्रदेश।

————

In the Court of Shri Manoj Kumar, Sub-Divisional Magistrate, Shimla (R), District Shimla (H. P.)

Sh. Pinki Ram s/o Sh. Ram Pal, r/o Jai Shri Niwas, Ghora Chowki, Tehsil and District Shimla, Himachal Pradesh.

Versus

General Public . . *Respondent.*

Whereas Sh. Pinki Ram s/o Sh. Ram Pal, r/o Jai Shri Niwas, Ghora Chowki, Tehsil and District Shimla, Himachal Pradesh has filed an application alongwith affidavit in the court of undersigned under section 13(3) of the Birth & Death Registration Act, 1969 to enter the name/date of birth of his son named—Arun Panchal s/o Sh. Pinki Ram s/o Sh. Ram Pal, r/o Jai Shri Niwas,

Ghora Chowki, Tehsil and District Shimla, Himachal Pradesh in the record of Secy., Birth and Death, Municipal Corporation, Tehsil and District Shimla.

Sl. No.	Name of the family member	Relation	Date of Birth
1.	Arun Panchal	son	31-07-2004

Hence, this proclamation is issued to the general public if they have any objection/claim regarding to enter the name/date of birth of above named in the record of Municipal Corporation, Tehsil and District Shimla, may file their claims/objections on or before one month of publication of this notice in Govt. Gazette in this court, failing which necessary orders will be passed.

Issued today 27-08-2020 under my signature and seal of the court.

Seal. Sd/-

Sub-Divisional Magistrate,
Shimla (R), District Shimla (H.P.).

ब अदालत श्री प्यारे लाल नेगी, सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, उप–तहसील सराहन, जिला शिमला, हि0 प्र0

मुकद्दमा नं0 : 77 / 2020 तारीख दायर : 30–10–2019

रमेश चन्द पुत्र स्व0 श्री राम दास, निवासी गांव डवारथ, डाकघर शाहधार, उप–तहसील सराहन, जिला शिमला (हि0 प्र0) .. वादी।

बनाम

आम जनता .. प्रतिवादी।

विषय.––राजस्व कागजात माल में नाम दुरुस्त करने बारे प्रार्थना–पत्र।

रमेश चन्द पुत्र स्व0 श्री राम दास, निवासी गांव डवारथ, डाकघर शाहधार, उप–तहसील सराहन, जिला शिमला (हि0 प्र0) ने इस कार्यालय में आवेदन–पत्र व ब्यान हल्फी दिया है कि वादी का नाम आधार कार्ड, नकल परिवार रजिस्टर, जन्म प्रमाण–पत्र, शजरा नस्ब, नकल इन्तकाल आदि में रमेश चन्द दर्ज है जो सही व दुरुस्त है परन्तु पटवार वृत्त सराहन के महाल रांवी में राजस्व अभिलेख में प्रार्थी का नाम रविन्दर कुमार दर्ज है जो कि गलत है तथा आवेदन किया है कि प्रार्थी का नाम पटवार वृत्त सराहन के महाल रांवी के राजस्व अभिलेख में रविन्दर कुमार उर्फ रमेश चन्द जारी करने के आदेश पारित किये जायें।

अतः इस इश्तहार द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रविन्दर कुमार उर्फ रमेश चन्द का नाम पटवार वृत्त सराहन के महाल रांवी के राजस्व अभिलेख में दुरुस्त किया जाना है इस बारे आम जनता को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के प्रकाशन की तिथि उपरान्त एक माह के भीतर इस सम्बन्ध में अपना उजर / एतराज पेश कर सकते हैं। इसके पश्चात् कोई उजर / एतराज मान्य नहीं होगा तथा उपरोक्त रविन्दर कुमार उर्फ रमेश चन्द का नाम दुरुस्त करने के आदेश पारित कर दिये जाएंगे।

अतः इश्तहार हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 20–08–2020 को जारी हुआ।

मोहर। प्यारे लाल नेगी,
सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी,
उप–तहसील सराहन, जिला शिमला (हि0 प्र0)।

ब अदालत श्री प्यारे लाल नेगी, सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, उप–तहसील सराहन, जिला शिमला, हि0 प्र0

मुकद्दमा नं0 : 67 / 2019 तारीख दायर : 17–08–2019

श्रीमती सन्तोष पुत्री स्व0 श्री कमला नन्द, निवासी गांव सराहन, डाकघर सराहन, उप–तहसील सराहन, जिला शिमला (हि0 प्र0) .. वादी।

बनाम

आम जनता .. प्रतिवादी।

विषय.––राजस्व कागजात माल में नाम दुरूस्ती करने बारे प्रार्थना–पत्र।

श्रीमती सन्तोष पुत्री स्व0 श्री कमला नन्द, निवासी गांव सराहन, डाकघर सराहन, उप–तहसील सराहन, जिला शिमला (हि0 प्र0) ने इस कार्यालय में आवेदन–पत्र व ब्यान हल्फी दिया है कि आवेदिका का नाम आधार कार्ड, नकल परिवार रजिस्टर, विद्यालय प्रमाण–पत्र, वोटर कार्ड, राशन कार्ड आदि में सन्तोष दर्ज है जो सही व दुरुस्त है परन्तु पटवार वृत्त त्यावल के महाल बधाल में राजस्व अभिलेख में आवेदिका का नाम सन्तकली दर्ज है जो कि गलत है तथा आवेदन किया है कि आवेदिका का नाम पटवार वृत्त त्यावल के महाल बधाल के राजस्व अभिलेख में सन्तकली उर्फ सन्तोष जारी करने के आदेश पारित किये जायें।

अतः इस इश्तहार द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि सन्तकली उर्फ सन्तोष का नाम पटवार वृत्त त्यावल के महाल बधाल के राजस्व अभिलेख में दुरुस्त किया जाना है इस बारे आम जनता को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के प्रकाशन की तिथि उपरान्त एक माह के भीतर इस सम्बन्ध में अपना उजर / एतराज पेश कर सकते हैं। इसके पश्चात् कोई उजर / एतराज मान्य नहीं होगा तथा उपरोक्त सन्तकली उर्फ सन्तोष का नाम दुरुस्त करने के आदेश पारित कर दिये जाएंगे।

अतः इश्तहार हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 20–08–2020 को जारी हुआ।

मोहर। प्यारे लाल नेगी,
सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी,
उप–तहसील सराहन, जिला शिमला (हि0 प्र0)।

––––––––––

ब अदालत श्री प्यारे लाल नेगी, सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, उप–तहसील सराहन, जिला शिमला, हि0 प्र0

मुकद्दमा नं0 : 84 / 2020 तारीख दायर : 17–12–2019

श्री देव राज पुत्र स्व0 श्री फिन्डू राम, निवासी गांव नानण, डाकघर ज्यूरी, उप–तहसील सराहन, जिला शिमला (हि0 प्र0) .. वादी।

बनाम

आम जनता .. प्रतिवादी।

विषय.––राजस्व कागजात माल में नाम दुरूस्त करने बारे प्रार्थना–पत्र।

श्री देव राज पुत्र स्व0 श्री फिन्डू राम, निवासी गांव नानण, डाकघर ज्यूरी, उप–तहसील सराहन, जिला शिमला (हि0 प्र0) ने इस कार्यालय में आवेदन–पत्र व ब्यान हल्फी दिया है कि वादी का नाम आधार कार्ड, नकल परिवार रजिस्टर, शिक्षा प्रमाण–पत्र आदि में देव राज दर्ज है जो सही व दुरुस्त है। परन्तु पटवार वृत्त सराहन के महाल सराहन के राजस्व अभिलेख में वादी का नाम देव राम दर्ज है जो कि गलत है तथा आवेदन किया है कि वादी का नाम पटवार वृत्त सराहन के महाल सराहन के राजस्व अभिलेख में देव राम उर्फ देव राज जारी करने के आदेश पारित किये जायें।

अतः इस इश्तहार द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि देव राम उर्फ देव राज का नाम पटवार वृत्त सराहन के महाल सराहन के राजस्व अभिलेख में दुरुस्त किया जाना है इस बारे आम जनता को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के प्रकाशन की तिथि उपरान्त एक माह के भीतर इस सम्बन्ध में अपना उजर / एतराज पेश कर सकते हैं। इसके पश्चात् कोई उजर / एतराज मान्य नहीं होगा तथा उपरोक्त देव राम उर्फ देव राज का नाम दुरुस्त करने के आदेश पारित कर दिये जाएंगे।

अतः इश्तहार हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 20–08–2020 को जारी हुआ।

मोहर।

प्यारे लाल नेगी,
सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी,
उप–तहसील सराहन, जिला शिमला (हि0 प्र0)।

———————

ब अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी, जुब्बल, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश

श्रीमती बृन्दा देवी पुत्री स्व0 श्री देवकी नन्द, निवासी गांव सुन्डली, डाकघर जुब्बल, तहसील जुब्बल, जिला शिमला (हि0 प्र0) ..... प्रार्थिनी।

बनाम

आम जनता

उनवान मुकद्दमा.––दरख्वास्त बराए दुरुस्त किए जाने प्रार्थी का नाम भू–राजस्व रिकार्ड महाल सुन्डली, पटवार सर्कल शिल्ली, तहसील जुब्बल बारे।

यह कि श्रीमती बृन्दा देवी पुत्री स्व0 श्री देवकी नन्द, निवासी गांव सुन्डली, डाकघर जुब्बल, तहसील जुब्बल, जिला शिमला (हि0 प्र0) ने अधोहस्ताक्षरी की अदालत में एक प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें आग्रह किया गया है कि उसका नाम चक सुन्डली, पटवार वृत्त शिल्ली में श्रीमती सत्या देवी पुत्री स्व0 श्री देवकी नन्द दर्ज माल कागजात है जोकि गलत दर्ज है जिसे वह दुरुस्त करवाना चाहती है जिसकी छानबीन गिरदावर हल्का जुब्बल व पटवारी शिल्ली से करवाई जा चुकी है मुताबिक छानबीन रिपोर्ट से भी पाया गया है कि प्रार्थिनी का सही नाम बृन्दा देवी पुत्री स्व0 श्री देवकी नन्द है। जिस बारे प्रार्थिनी का आधार कार्ड, पैन कार्ड, परिवार रजिस्टर नकल व शपथ–पत्र संलग्न मिसल है। जिसमें प्रार्थिनी का नाम बृन्दा देवी पुत्री स्व0 श्री देवकी नन्द है।

प्रार्थना–पत्र में आगामी उचित कार्यवाही करने से पूर्व इस इश्तहार के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त प्रार्थिनी के नाम को राजस्व अभिलेख, पटवार सर्कल शिल्ली चक सुन्डली, तहसील जुब्बल, जिला शिमला (हि0 प्र0) में श्रीमती सत्या देवी पुत्री स्व0 श्री देवकी नन्द के स्थान पर श्रीमती बृन्दा देवी पुत्री स्व0 श्री देवकी नन्द दुरुस्त करने पर कोई उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 25–09–2020 को या इससे पूर्व अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर अपना लिखित व मौखिक

एतराज प्रस्तुत करें, दीगर सूरत में यह समझा जाएगा कि प्रार्थिनी के नाम को दुरुस्त करने पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है तथा राजस्व अभिलेख में प्रार्थिनी के नाम की दुरुस्ती के आदेश पारित कर दिये जावेंगे।

आज दिनांक 25–08–2020 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

मोहर। हस्ताक्षरित / –
कार्यकारी दण्डाधिकारी,
जुब्बल, जिला शिमला (हि0 प्र0)।

————————

In the Court of Marriage Officer-cum-**Sub-Divisional Magistrate, Rohru, District Shimla, Himachal Pradesh**

1. Sh. Harsh Bhardwaj s/o Sh. Surender Bhardwaj, r/o Village Sabhar, P.O. Anti, Tehsil Jubbal, District Shimla (H.P.).

2. Diksha Sharma d/o Sh. Deena Lal Sharma, r/o Village Gharai, P.O. Sheel, Tehsil Rohru, District Shimla (H.P.) . . *Applicants.*

Versus

General Public

Subject.— Notice for Registration of marriage.

Sh. Harsh Bhardwaj and Diksha Sharma have filed an application under the H.P. Registration of Marriage Act, 1996, alongwith affidavits and other documents in the court of the undersigned in which they have stated that they have solemnized their marriage about one year ago *i.e.* 11-07-2019.

Therefore, you are informed through this notice that any person who has any objection regarding registration of this marriage can file the objections personally or in written before this court on or before 27-09-2020. The objections received after 27-09-2020 will not be entertained and marriage will be registered accordingly.

Issued today on 27-08-2020 under my hand and seal of the court.

Seal. Sd/-
Marriage Officer-cum-*Sub-Divisional Magistrate,*
Rohru, District Shimla (H.P.).

नियन्त्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, हिमाचल प्रदेश, शिमला–5 द्वारा मुद्रित तथा प्रकाशित
इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षरित राजपत्र, वैबसाइट http://rajpatrahimachal.nic.in पर उपलब्ध है एवम् ऑनलाइन सत्यापित किया जा सकता है